# अध्याय –7

## चुड़ीदार और कलीदार कुरते का निर्माण


### 7.1 चुड़ीदार का निर्माण

चरण 1: 2 मीटर वस्त्र लें और चित्र 7.1.1 में दर्शाए गए अनुसार लंबाई –वार मोड़े।



चित्र 7.1.1

फिर वस्त्र को विकर्ण में मोड़ें और चित्र 7.1.1 क में दर्शाए गए अनुसार पैटर्न बनाएं।




चित्र 7.1.1 क

चरण 2: चित्र 7.1.2 और चित्र 7.1.2 क में दर्शाए गए अनुसार सभी टुकड़ों को ट्रेस करें और काटें।



चित्र 7.1.2



चित्र 7.1.2क

चरण 3: वस्त्र के त्रिकोणीय टुकड़े को जोड़ें, यदि चित्र 7.1.3 और चित्र 7.1.3क में दर्शाए गए अनुसार पैटर्न फिट न हो तो



चित्र 7.1.3



चित्र 7.1.3 क

चरण 4: चित्र 7.1.4 में दर्शाए गए अनुसार फ्रेंच टांके के साथ मध्य–अगले और मध्य –पिछले भाग को जोड़ें। चित्र 7.1.4 क में दर्शाए गए अनुसार टांका बंद करें।



चित्र 7.1.4



चित्र 7.1.4क

चरण 5: इसके बाद ड्रास्ट्रिंग खुला भाग बनाएं और कमर पैनल में सलवार के समान कमरबंध को तैयार करें और चित्र 7.1.5 में दर्शाए गए अनुसार लात पैनल से जोड़ें।



चित्र 7.1.5

चरण 6: कोने को मोड़कर किनारा रेखा तैयार करें और सिलाई करें।



चित्र

7.1.6 (सिली और तैयार चुड़ीदार)

7.3 कलीदार कुरते का निर्माण


पैटर्न को रखें और ट्रेस करें व चित्र 7.2.1 में दिए गए अनुसार सभी टुकड़े काटें।



चित्र 7.2.1


7.2.1 कुरता पलैक्ट

चरण1: चित्र 7.2.2 में दर्शाए गए अनुसार कलीदार कुरते के मध्य अगले भाग पर पलैक्ट तैयार करें।




चित्र 7.2.2

पलैक्ट टुकड़े को गला रेखा खुले भाग की दाईं ओर रखें और चित्र 7.2.2 क में दर्शाए गए अनुसार 1/4 इंच की दूरी पर सिलाई करें। मोड़ रेखा पर पलैक्ट को मोड़ें और इसे सिलाई रेखा के उपर रखें, चित्र 7.2.2 ख में दर्शाए गए अनुसार कोना टांका लगाएं।




चित्र 7.2.2 क




चित्र 7.2.2ख

इसी प्रक्रिया को दूसरी ओर के साथ दुहराएं ओर डायमंड का निर्माण करें तथा चित्र 7.2.2 ग और चित्र 7.2.2 घ में दर्शाए गए अनुसार कोना टांका लगाएं।



चित्र 7.2.2 ग



चित्र 7.2.2 घ

चरण 2: दर्जी के कोने के साथ कंधे जोड़ें और चित्र 7.2.3 में दर्शाए गए अनुसार सिलें।



चित्र 7.2.3

चरण 3: वस्त्र पर जेब स्थान अंकित करें। चित्र 7.2.4 में दर्शाए गए अनुसार चीर काटें जहां जेब मोड़ी जाती है। 1/4 इंच पर वस्त्र को सफाई से मोड़े और अगले 1/4 इंच पर मोड़ को दोगुना करें जैसा कि चित्र 7.2.4 क में दिखाया गया है। इसे भाप प्रेस करें और चित्र 7.2.4 ख और चित्र 7.2.4ग  में दर्शाए गए अनुसार टॉप सिले।




चित्र 7.2.4





चित्र 7.2.4क

चित्र 7.2.4ख



चित्र 7.2.4ग

चरण 4: कली की दाई ओर वस्त्र की दाई ओर होनी चाहिए। 1/2 इंच की टांका दूरी पर उलटी ओर से वस्त्र पर दूरी **सलें**। चित्र 7.2.5 के अनुसार कली को जोड़े।



चित्र 7.2.5

इसी प्रकार चित्र 7.2.5क और 7.2.5ख में दर्शाए गए अनुसार कली की समीपवर्ती ओर के साथ दूसरा पैनल जोड़े।



चित्र 7.2.5क



चित्र 7.2.5ख

चरण 5: निकासी स्तर तक दो पैनलों की टांका दूरी तक सिलाई जारी रखें। चित्र 7.2.5ग में दर्शाए गए अनुसार जेब मुंह खुले भाग तक **सलें**।

दाईं ओर एक दूसरे के सामने रखें, पैनल के उर्ध्वाधर भाग को बाजू के साथ **सलें**।



चित्र 7.2.5ग

चरण 6: तिरछी पट्टी के साथ गला रेखा तैयार करें। तिरछी पट्टी को गला रेखा की दाईं ओर रखें और चित्र 7.2.6 में दर्शाए गए अनुसार 1/4 इंच की दूरी पर **सलें**। पट्टी को मोड़ें और चित्र 7.2.6 क में दर्शाए गए अनुसार कोना **सलें**। चित्र 7.2.6 ख में दर्शाए गए अनुसार गला रेखा के साथ परिधान की उलटी ओर पट्टी को मोड़े । तिरछी पट्टी के अनिर्मित कोने को 1/4 इंच की दूरी पर मोड़ें और चित्र 7.2.6ग में दर्शाए गए अनुसार कोने पर टांका लगाएं। तैयार गला रेखा में पिछले भाग पर दोहरी सिलाई रेखा होगी और चित्र 7.2.6 घ में दर्शाए गए अनुसार अगले भाग पर एकल टांका रेखा होगी।



चित्र 7.2.6



चित्र 7.2.6 क



चित्र 7.2.6 ख



चित्र 7.2.6ग




चित्र 7.2.6 घ

चरण 7: चीरे को तैयार करने के लिए एक छोटा त्रिकोण काटें और इसके अनिर्मित कोनों को चित्र 7.2.7 में दर्शाए गए अनुसार मोड़ें।



चित्र 7.2.7

इसे उलटी ओर रखें और इसे चीर से जोड़ें और इसके लिए चित्र 7.2.7 क और चित्र 7.2.7 ख में दर्शाए गए अनुसार अगले भाग पर टॉप सिलाई करें।




चित्र 7.2.7क



चित्र 7.2.7ख

चरण 8: चित्र 7.2.8 में दर्शाए गए अनुसार कमीज हेतु यथावर्णित किनारा रेखा तैयार करें।



चित्र 7.2.8





चित्र 7.2.9 (चुनर बाजू के साथ एक तैयार कलीदार कुरता)

## कार्यकलाप

चुड़ीदार पजामा एवं कलीदार कुरते के विभिन्न प्रकारों की तस्वीरें एकत्रित करें और उन डिजाइन ब्यौरों का चयन करें जिन्हें आप सिल सकते हैं।

खाली जगहों को भरें

1. चुड़ीदार के लिए मीटर वस्त्र लें और इसे मोड़ें ................. और इसे फिर .................... मोड़े।
2. कलीदार कुरते में ....................... पलैक्ट के साथ .................. से ................. बटन होते हैं।
3. कुरते की जेब कली के ..................... ............................. पर जुड़ी होती है।
4. कुरते के चुनट .......... और ................. के बीच जुड़ी होती है और बाजू को ........................... प्रदान करती है।
5. कुरते में साइड चीर ......................... टुकड़े के साथ ................. है।